परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय-2 मुंबई मुद्रित पृष्ठ संख्या -5

दिनांक - PT-2 (2023-24) समय-1.30 घंटे

कक्षा- 6 विषय हिंदी पूर्णांक -40

प्रश्न -1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4×1)=4

संसार में सबसे मूल्यावान वस्तु समय है क्योंकि दुनिया की अधिकांश वस्तुओं को घटाया-बढ़ाया जा सकता है, पर समय का एक क्षण भी बढ़ा पाना व्यक्ति के बस में नहीं है। समय के बीत जाने पर व्यक्ति के पास पछतावे के अलावा कुछ नहीं होता। विद्यार्थी के लिए तो समय का और भी अधिक महत्त्व है। विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है शिक्षा प्राप्त करना। समय के उपयोग से ही शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। जो विद्यार्थी अपना बहुमूल्य समय खेल-कूद, मौज-मस्ती तथा आलस्य में खो देते हैं वे जीवन भर पछताते रहते हैं, क्योंकि वे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं और जीवन में उन्नति नहीं कर पाते। मनुष्य का कर्तव्य है कि जो क्षण बीत गए हैं, उनकी चिंता करने के बजाय जो अब हमारे सामने हैं, उसका सदुपयोग करें।

क- समय को सबसे अमूल्य वस्तु क्यों कहा गया है?

(अ) इसका एकक्षण भी घटाया-बढ़ाया नहीं जा सकता (ब) सम्य व्यक्ति के वश में नहीं है।

(स) समय ही व्यक्ति के जीवन को बदल सकता है (द) मनुष्य उस समय की गति को नहीं रोक सकता

ख- विद्यार्थी जीवन का उद्देश्य है

(अ) जीवन को सुखी बनाना। (ब) गुरुओं का आदेश मानना

(स) व्यक्ति के जीवन में समय का महत्त्व (द) शिक्षा प्राप्त करना

ग- विद्यार्थी जीवन भर क्यों पछताते रहते हैं ?

(अ) क्योंकि वे आलसी होते हैं

(ब) जो अपना कीमती समय मौज मस्ती और आलस्य में खो देते हैं।

(स) जो ज्ञान प्राप्त नहीं करते।

(द) जो विद्यार्थी माता-पिता और गुरुओं की आज्ञा का पालन नहीं करते

घ- संमय के संबंध में व्यक्ति का क्या कर्तव्य बताया गया है?

(अ) परिश्रम करें

(ब) मन लगाकर पढ़ाई करें

(स) बीते समय के बारे में पश्चाताप न करके वर्तमान समय का सदुपयोग करें

(द) असफल होने पर निराश न हों, पुनः प्रयास करें

प्रश्न-2 दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर छांटकर लिखिए। (8×1)=8

1-झांसी ---------- रानी । (खाली जगह में उचित कारक चिन्ह का प्रयोग कीजिए)

(क) का (ख) की (ग) ने (घ) के

2-'<u>और</u>' शब्द का सही प्रयोग कौन से वाक्य में किया गया है ?

(क)-राम पुस्तक पढ़ता है। (ख)-राम घर की ओर जाता है।

(ग) राम और श्याम खेलते हैं। (घ) राधा खेलती है।

3-कौन से वाक्य '<u>में</u> ' शब्द का सही प्रयोग किया गया है।

(क)-मैं पुस्तक पढ़ता हूं। (ख)-राधा विद्यालय में जाती है।

(ग)-राधा खाना खाती है। (घ)-वह जयपुर जाता है।

4-'चमक' शब्द में <u>ईला</u> प्रत्यय जोड़ने पर क्या बनेगा।

(क)-चमकी (ख)-चमीकील (ग)-चमकीला (घ) चमकीली

5-मुनिया ने सपना देखा ………... वह चंद्रमा पर बैठी है। (उचित योजक शब्द से वाक्य पूरा कीजिए)

(क) या (ख) कि (ग) ने (घ) के

6- विमल जर्मन सीख रहा है .... फ्रेंच।

(क) या (ख) कि (ग) ने (घ) के

7-स्नेह का क्या अर्थ है?

(क)-घृणा (ख)-प्यार। (ग)-गुस्सा (घ)-जलन

8-गृह का क्या अर्थ है?

(क)-विद्यालय (ख)-मैदान (ग)- सड़क (घ)-घर

प्रश्न-3 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1×4)=4

क्या संभव है कि भला कोई जंगल में घंटाभर घूमे और फिर भी कोई विशेष चीज़ न देखे? मुझे-जिसे कुछ भी दिखाई नहीं देता-सैकड़ों रोचक चीज़े मिलती हैं, जिन्हें मैं छूकर पहचान लेती हूँ। मैं भोज-पत्र के पेड़ की चिकनी छाल और चीड़ की खुरदरी छाल को स्पर्श से पहचान लेती हूँ। वसंत के दौरान मैं टहनियों में नई कलियाँ खोजती हूँ। मुझे फूलों की पंखुड़ियों की मखमली सतह छूने और उनकी घुमावदार बनावट महसूस करने में अपार आनंद मिलता है। इस दौरान मुझे प्रकृति के जादू का कुछ अहसास होता है।

1-इस पाठ की लेखिका का नाम क्या है?

2-भोजपत्र की छाल कैसी होती है ?

3-लेखिका किसे स्पर्श से पहचान लेती है?

4-लेखिका को किस काम में आनंद मिलता है

प्रश्न-4 निन्नलिखित पद्यांस को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (1×4)=4

मैं सबसे छोटी होऊँ,
तेरी गोदी में सोऊँ,
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर
फिरूँ सदा माँ! तेरे साथ,

कभी न छोड़ें तेरा हाथ!
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात!
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात!
अपने कर से खिला, धुला मुख,
धूल पोंछ, सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनाती
हमें सुखद परियों की बात!
ऐसी बड़ी न होऊँ मैं
तेरा स्नेह न खोऊँ मैं,
तेरे आंचल की छाया में
छिपी रहूँ निस्पृह, निर्भय,
कहूँ-दिखा दे चंद्रोदय

1-इस कविता के लेखक कौन हैं?
2-बालिका क्या होना चाहती है?
3-बच्ची किसके साथ फिरना चाहती है?
4-सबसे छोटी होने पर माँ से कौन-कौन से सुख प्राप्त होते हैं?

प्रश्न 5 निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (वसंत भाग -1) (5×2)=10

1'सुभद्रा कुमारी चौहान, लक्ष्मीबाई को 'मर्दानी' क्यों कहती हैं?
2 प्रकृति का जादू' किसे कहा गया है
3. लाखों-करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी?
4-हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत कौन-कौन से हैं?
5-तुम्हारी मां तुम्हारे लिए क्या क्या काम करती है?
6-लेखक ने 'प्रकृति के अक्षर' किन्हें कहा है?

प्रश्न 6 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (बाल राम कथा) (3×2)=6

1-रावण ने सीता हरण के लिए क्या किया?

2-सीता ने रावण से बचाव की आशा न देख क्या किया ?

3-सीता को कोटि में न पाने पर राम की क्या दशा हुई?

4-शबरी कौन थी ? उसने राम को क्या बताया?

प्रश्न-7 शुल्क मुक्ति हेतु प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए । (4)